बिहार सरकार
पर्यटन विभाग
प्रथम तल, बी0 ब्लॉक, एक्सटेंशन भवन, मुख्य सचिवालय, पटना।
Email- js. bihartourism@gmail.com, website: www.bihartourism.gov.in

Blissful Bihar
BIHAR TOURISM

संचिका संख्या०— पर्य०वि०प०(ता०)— 11/24 1356 दिनांक 11-7-2024

प्रेषक,

उप निदेशक,
पर्यटन विभाग, बिहार, पटना।

सेवा में,

विशेष सचिव,
ग्रामीण कार्य विभाग,
बिहार, पटना।

विषयः— मो० अफाक अहमद खान, मा०स०वि०प० द्वारा 207वें सत्र में पूछे जाने वाले तारांकित प्रश्न नेवा संख्या— 1/207/166 को हस्तांतरित करने के संबंध में।

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि मो० अफाक अहमद खान, मा०स०वि०प० द्वारा 207वें सत्र में पूछे जाने वाले तारांकित प्रश्न नेवा संख्या— 1/207/166 का संबंध गया जिले के नीमचक बथानी प्रखंड के झरना सरेन में पर्यटन स्थल तक पक्की सड़क का निर्माण करने से है। प्रश्न की विषय—वस्तु भवदीय के विभाग से संबंधित है।

अतः प्रश्न की छायाप्रति संलग्न करते हुए ग्रामीण कार्य विभाग को हस्तांतरित किया जा रहा है। अनुरोध है कि इस प्रश्न के संबंध में बिहार विधान परिषद् को ससमय उत्तर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने की कृपा की जाय। इस आशय की सूचना बिहार विधान परिषद् को भी प्रेषित की जा रही है।

अनु०— यथोक्त।

विश्वासभाजन,

उप निदेशक,
पर्यटन विभाग, बिहार, पटना।

बिहार विधान परिषद् प्रश्न
Bihar Legislative Council
207 Monsoon Session

STARRED QUESTION

Starred D. No.
1/207/166

Recieved Date
27/06/2024

Notice of Admission sent on:
01/07/2024

Sent Date to Department
01/07/2024

subject:	पक्की सड़क का निर्माण
Member	Mr. Afaque Ahmad Khan(Legislative Assembly)
Department	Tourism

STARRED QUESTION Tourism be pleased to state that:

क्या मंत्री, पर्यटन विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि गया जिला अन्तर्गत नीमाचक बथानी प्रखंड के झरना सरेन में पर्यटन स्थल तक जाने के लिए कोई पक्की सड़क नहीं है जिस कारण पर्यटकों को आने जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(ख) यदि उपरोक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार झरना सरेन में पर्यटन स्थल तक पक्की सड़क का निर्माण करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक,नहीं तो क्यों?